क्वारेंटाइन के उल्लंघन पर प्रशासन को अलर्ट में सहयोगी ''राज कोविड इन्फो एप'', अब तक 48 हजार से ज्यादा डाउनलोड़

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-19-04-2020-04.docx (http://103.203.138.54/news/206041/document/LK-19-04-2020-04.docx)

DESCRIPTION

क्वारेंटाइन के उल्लंघन पर प्रशासन को अलर्ट में सहयोगी
''राज कोविड इन्फो एप'', अब तक 48 हजार से ज्यादा डाउनलोड़

जयपुर, 19 अप्रेल। कोविड-19 के कारण क्वारेन्टाइन किये गये व्यक्तियों की जियो फैंसिंग एवं ट्रेकिंग के लिए सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा राज कोविड इन्फो नामक एप विकसित किया गया है जिसे http://rajcovidinfo.rajasthan.gov.in/mobileapp/index.html (http://rajcovidinfo.rajasthan.gov.in/mobileapp/index.html) लिंक पर क्लिक कर डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप मोबाइल फोन की जीपीएस लोकेशन तकनीकी का प्रयोग कर क्वारेन्टाइन किये गये व्यक्तियों द्वारा क्वारेन्टाइन का उल्लंघन करने की दशा में प्रशासन को रिपोर्ट भेजता है तथा क्वारेन्टाइन किये गये व्यक्ति को भी अलर्ट भेजता है।

जिला कार्यालय, सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग जयपुर के एसीपी(उप निदेशक) श्री ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार क्वारेन्टाइन किये गये व्यक्तियों को एप का प्रयोग कर नियमित अंतराल पर सैल्फी क्लिक कर भेजनी होती है। सैल्फी नहीं भेजने की स्थिति में एप द्वारा सम्बन्धित व्यक्ति को उसके फोन पर नोटिफिकेशन भेजा जाता है।

आमजन भी इस एप का प्रयोग कर अपनी एवं अपने परिवार के सदस्यों की सेहत एवं कोरोना के लक्षणों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस एप में स्वास्थ्य अभिकर्ता द्वारा रेपिड परीक्षण के समय ही रोगी या व्यक्ति के रेपिड टेस्टिंग किट से परीक्षण की सूचनायें दर्ज करने का फीचर भी शुरू किया है। यह एप पॉजिटिव केस, ठीक हुए व्यक्तियों, गंभीर बीमार व्यक्तियों के आंकड़ों के साथ-साथ प्रेस रिलीज, लैब्स, किए जाने योग्य एवं नहीं किये जाने योग्य बातों की सूचनायें भी उपलब्ध करवाता है। अभी तक 48953 लोगों द्वारा यह एप उनके फोन में डाउनलोड किया जा चुका है।